भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH CK 899756

शपथ – पत्र

मैं, परमिंदर चोपडा, आत्मज श्री बी.के. चोपडा आयु 49 वर्ष वयस्क, व्यवसाय–प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल, इंदौर, पता–डी.पी.एस. केम्पस, निपानिया, इंदौर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ : –

1. यह कि दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदौर द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के समक्ष संबद्धता / मान्यता के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. यह कि नवीनीकरण आवेदन के साथ फायर एन.ओ.सी. को संलग्न किये जाने की अनिवार्यता है। विद्यालय द्वारा फायर एन.ओ.सी. के लिये नगर निगम, इंदौर के समक्ष दिनांक 20/03/2024 को आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसका पंजीयन क्रमांक 6100013922 है। नगर निगम, इंदौर की तकनीकी खमियों के अलावा आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चुनावी ड्यूटी में व्यस्त होने के साथ ही साथ होली एवं रमजान के त्यौहारों के अवकाशों के चलते नगर निगम, इंदौर द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदौर की ओर से प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्र का निराकरण करते हुए वर्तमान स्थिति तक फायर एन.ओ.सी. को जारी नहीं किया जा सका है।

Serial No. 1055/24
Date 26/03/24

Kishore S. Soni
Advocate & Notary
Dist. INDORE (M.P.)

DELHI PUBLIC SCHOOL * INDORE *

3. यह कि नगर निगम, इंदौर द्वारा फायर एन.ओ.सी. जारी किये जाने के लिये लगभग 02 माह की समय अवधि निर्धारित की गयी है, परंतु उपरोक्त वर्णित कारणों के चलते निर्धारित समय अवधि में एन.ओ.सी. जारी नहीं की गयी है, जो कि विद्यालय प्रबंधन के नियंत्रण से बाहर है।

4. यह कि उपरोक्त वर्णित परिस्थितियों में फायर एन.ओ.सी. के प्रस्तुतीकरण के लिये 01 माह का अतिरिक्त समय वांछित है, ताकि नगर निगम, इंदौर से एन.ओ.सी. प्राप्त होते ही तत्काल प्रभाव से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जा सके।

DELHI PUBLIC SCHOOL * INDORE

शपथग्रहिता

<u>सत्यापन</u>

मैं, परमिंदर चोपडा उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र के चरण क्रमांक 01 से 04 में वर्णित कथन सही व सत्य है।

सत्यापन आज दिनांक 26/03/2024 मेरे द्वारा इंदौर शहर में किया गया।

शपथग्रहिता

DELHI PUBLIC SCHOOL * INDORE

SIGNED BEFORE ME

Kishor S. Soni
Advocate & Notary
Dist. INDORE (M.P.)

M. P. GOVT.

1004 / 1500/-

6391

26 MAR 2024

26 MAR 2024

श्री परमिंदर वी.के. चोपड़ा जी

पता- डी.पी.एस. कैम्पस निपानिया

इंदौर (म.प्र.)

हस्ते- देवप्रकाश सिंह

DL No.:- MP09H-2010-0315749

अशोक कुमार शर्मा
स्टाम्प वेन्डर
कलेक्ट्रेट परिसर, इन्दौर

26 MAR 2024

NOTARY